4— सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
5— सम्बन्धित विभाग, जनपद रूद्रप्रयाग।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

श्री राकेश सिलोडियाल, जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग की अध्यक्षता में दिनांक 30-09-2019 को जिला कार्यालय [illegible] जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक का कार्यवृत्त :-

उपस्थिति संलग्नक।

सर्व प्रथम जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा बैठक में उपस्थित जिला गंगा संरक्षण समिति के समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद् रुद्रप्रयाग के क्षेत्रान्तर्गत अलकनन्दा एवं मन्दाकिनी नदी का संगम स्थल होने के फलस्वरूप सफाई कार्य का दायित्व नगर पालिका परिषद् रुद्रप्रयाग का है। इस सम्बन्ध में गहन चर्चा की गई।

जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये, कि नगर पालिका परिषद् रुद्रप्रयाग द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत साफ-सफाई हेतु समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता कर्मी नियमित रूप से जैविक तथा अजैविक कूड़े का पृथक्कीकरण कर निस्तारण किया जाय। इसके लिये समय-समय पर जनसाधारण को जागरूक करने हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाना नितान्त आवश्यक है।

जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग द्वारा गंगा पिकनिक कार्यक्रम के बारे मे स्पष्ट किया गया, कि मन्दाकिनी नदी एवं अलकनन्दा नदी के किनारे, उपलब्ध खुली भूमि, जिसमें कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत वनीकरण कर स्थान अगस्त्यमुनि/तिलवाडा आदि किसी भी क्षेत्र में कार्यक्रम किया जाय। नगर पालिका परिषद् रुद्रप्रयाग/नगर पंचायत तिलवाडा/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत ऊखीमठ में गंगा स्वच्छता कार्यक्रम किया जाय।

(कार्यवाही- मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक,रुद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् रुद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाडा/ऊखीमठ/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, रुद्रप्रयाग/केदारनाथ,(अगस्त्यमुनि)/योजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) उत्तराखण्ड पेयजल निगम,श्रीनगर गढ़वाल/

जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग द्वारा निर्देश दिये गये हैं, कि जिला गंगा संरक्षण समिति रुद्रप्रयाग का नया वाटसप ग्रुप बनाया जाय, जिसमें जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के क्षेत्रान्तर्गत सम्बन्धित ग्रामीण क्षेत्रों/कस्बों में गठित स्वच्छता समितियों को भी जोड़ा जाय। कूड़ा पृथक्कीकरण हेतु विशेष रूप से रुचि लेकर अभियान चलाये जाने हेतु अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रुद्रप्रयाग एवं परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रुद्रप्रयाग को निर्देश दिये गये। यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले स्थानों पर अनिवार्य रूप से स्वच्छकों की तैनाती के सम्बन्ध में भी निर्देश दिये गये हैं। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रुद्रप्रयाग को गंगा किनारे क्षेत्रों का भ्रमण करने के उपरान्त सोलेड वेस्ट मैनेजमेंट की रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही- मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक, रुद्रप्रयाग/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रुद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रुद्रप्रयाग/योजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) उत्तराखण्ड पेयजल निगम,श्रीनगर गढ़वाल/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग,रुद्रप्रयाग/केदारनाथ, (अगस्त्यमुनि)/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् रुद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाडा/ ऊखीमठ।

(क्रमशः-2 पर)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा अवगत कराया गया, कि अगस्त्यमुनि कीडा मैदान के ठीक सामने ग्राम चाका में वर्ष 2013 में आपदा से ग्रस्तालित क्षेत्र में वन विभाग द्वारा शीत कालीन वृक्षारोपण कार्य करवाया जाय, इसके अतिरिक्त नदी किनारे छोटे–छोटे पेच के रूप में विकसित किया जाय, तथा इसकी सूचना कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन, मुख्य नमामि गंगे, उत्तराखण्ड, देहरादून को भेजी जाय।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी/उप वन संरक्षक,रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाडा/ऊखीमठ/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग/केदारनाथ (अगस्त्यमुनि)/जिला उद्यान अधिकारी, रूद्रप्रयाग)

श्री राजेन्द्रप्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद द्वारा अपने विचार/सुझाव प्रस्तुत किये गये, उनके द्वारा बताया गया कि अलकनन्दा एवं मन्दाकिनी नदियों के किनारे रिक्त भूमि पर उन वृक्षों का रोपण किया जाय, जिन वृक्षों में पानी संचय करने की क्षमता अधिक हो। श्री गोस्वामी, द्वारा बताया गया कि समय–समय पर नदियों के किनारे साफ–सफाई हेतु प्रचार प्रसार कर जनजागृत कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिये। इस सम्बन्ध में सभी विभागों की सहभागिता की नितान्त आवश्यकता होगी। श्री गोस्वामी द्वारा अवगत कराया गया, कि एक चित्रनिक कार्यक्रम अगस्त्यमुनि के जगहों में रखा जाय। जिसमें ग्राम प्रधानों, महिला मंगल दलों/युवक मंगल दलों एवं स्वय सेवी संस्थाओं की सहभागिता भी रहे। इनके द्वारा गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलता हेतु सुझाव दिया गया, कि गंगा के किनारे घाटो पर लगभग 100 मी0 की दूरी पर बोर्ड लगाये जांय। जिसमें यह उल्लेख किया जाय कि मछली पकडना/मारना निषेद्व है, जिससे देश–विदेश से आने वाले यात्रियों/पर्यटकों को यह एक अच्छा सन्देश जाय।

श्री गोस्वामी जी द्वारा यह भी सुझाव दिया गया, कि गॉव के आस–पास तथा कृषि भूमि में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न हुये काला बांस, लैन्टिना, तथा गाजर घास का उन्मूलन किया जाय। उनके द्वारा कहा गया कि घर–घर में कच्चे सोखता पिट बनाये जाय, ताकि पानी का संचय हो सके।

प्रभागीय वनाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा सुझाव दिया गया कि वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु प्रचार–प्रसार के लिये बच्चों की पाठ्य पुस्तकों के कवर पर नेम स्लिप आदि में वन्य जीव स्लोगन लिखे गये स्लिपों का प्रयोग किया जाय। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाडा/ऊखीमठ/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग/केदारनाथ/मुख्य कृषि अधिकारी, रूद्रप्रयाग/जिला उद्यान अधिकारी, रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग को निर्देश दिये गये कि उप गदेरों/ नालों का चयन किया जाय, जिनमें वर्षा न पानी निकलता है, तथा गर्मियों के आते–आते धीरे–धीरे सूख जाते हैं। तत्पश्चात नागपुर के ग्राम–प्रधानों, अधिशासी अभियन्ता, लोदरा, जाखणी, गडमिल, गन्धारी, सन्, कमेडा, चामक, स्यूण्ड आदि स्थानीय नामों से निकलने वाले छोटे गदेरों/नालों का नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत संरक्षण किया जाय,

(क्रमशः–3 पर)

जिसमें चाल–खाल / चैक डैम / कन्टूर नालियों / खनतियों तथा वृक्षारोपण कार्य कर जल संचय कार्य (क्रमश–2 पर) किया जा सके। इस सम्बन्ध में वन विभाग रूद्रप्रयाग को नदी किनारे स्थान कोठगी–मटवाडी, धारकोट, निरवाली, आदि स्थानों पर लगभग 5 से 10 है0 वृक्षारोपण क्षेत्र चयनित करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी / उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग / उप जिलाधिकारी– रूद्रप्रयाग / ऊखीमठ / जखोली / बसुकेदार / परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग / अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग / केदारनाथ / मुख्य कृषि अधिकारी, रूद्रप्रयाग / जिला उद्यान अधिकारी, रूद्रप्रयाग / योजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) उत्तराखण्ड पेयजल निगम,श्रीनगर गढवाल)

अन्त में जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों, महानुभावों / गणमान्य, जनप्रतिनिधियों / अधिकारियों / कार्मिको को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक के समापन की घोषणा की गई।

(मंगेश घिल्डियाल)
जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 388 /33–3 (2017–2018) दिनांक, रूद्रप्रयाग, अक्टूबर, 31 ,2019

प्रतिलिपि –– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– समस्त सदस्य, जिला गंगा संरक्षण समिति, रूद्रप्रयाग।
2– कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन यूपं नमामि गंगे देहरादून, उत्तराखण्ड।
3– आयुक्त, गढवाल मण्डल, पौडी।
4– सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
5– सम्बन्धित विभाग, जनपद रूद्रप्रयाग।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

25661

:: आदेश ::

स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत चारधाम यात्रा मार्ग को मध्य नजर रखते हुये दिनांक 05, मार्च, 2019 को स्थान मयाली में अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में प्रधान ग्राम सभा मयाली, अध्यक्ष, व्यापार संघ, अध्यक्ष महिला मंगलदल, अध्यक्ष, टैक्सी यूनियन एवं व्यापारियों, ग्राम वासियों के साथ मयाली बाजार एवं ग्राम को स्वच्छ बनाये रखने हेतु एक बैठक आहूत की गई, बैठक में सर्व सम्मति से स्वच्छता समिति बनाये जाने हेतु निम्न प्रकार से स्वच्छता समिति का गठन किया जाता है :–

1–	श्री सुरेन्द्र प्रसाद सकलानी	–	अध्यक्ष
2–	श्री प्रेम सिंह नेगी	–	सदस्य
3–	श्री अजय सकलानी	–	सदस्य
4–	श्री सुनील सेमवाल	–	सदस्य
5–	श्री हरीश पुण्डीर	–	सदस्य
6–	श्री नरेन्द्र दत्त	–	सदस्य
7–	श्री जगदीश चन्द्र गोदियाल	–	सदस्य
8–	श्री पवन काली	–	सदस्य
9–	श्री अरूण काला	–	सदस्य
10–	श्रीमती देवेश्वरी देवी	–	सदस्य
11–	श्री भजन सिंह बुटोला	–	सदस्य
12–	श्री राजेन्द्र सिंह बुटोला	–	सदस्य
13–	श्रीमती शैला देवी	–	सदस्य
14–	श्री संजय प्रसाद काला	–	सदस्य
15–	श्रीमती बसु काला	–	सदस्य
16–	श्रीमती विमला काला	–	सदस्य
17–	श्री संजय प्रसाद सेमवाल	–	सदस्य
18–	श्री गिरीश धनियाल	–	सदस्य
19–	श्री गोपाल काला	–	सदस्य
20–	श्री अनिल नेगी	–	सदस्य
21–	श्री दिगपाल सिंह नेगी	–	सदस्य

उपरोक्त स्वच्छता समिति द्वारा समय–समय पर स्थान मयाली एवं ग्राम में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। तथा इस सम्बन्ध में जिला गंगा संरक्षण समिति को भी अवगत कराया जायेगा।

(मंगेश घिल्डियाल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा संरक्षण समिति रूद्रप्रयाग।

संख्या–1589 /33–नमामि गंगे (2018–19) दिनांक, रूद्रप्रयाग, 05, मार्च, 2019

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त, गढवाल मण्डल पौडी।
2– कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप नमामि गंगे उत्तराखण्ड देहरादून।
3– मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
4– उप वन संरक्षक/सदस्य एवं संयोजक, जिला गंगा संरक्षण समिति रूद्रप्रयाग।
5– उप जिलाधिकारी, जखोली।
6– अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग।
7– परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग।
8– अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तिलवाडा।
9– सम्बन्धित पदाधिकारीगण/सदस्यगण।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

25662

:: आदेश ::

नमामि गंगे स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 20, फरवरी, 2019 को स्थान सुमाडी में अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में अध्यक्ष, व्यापार संघ, अध्यक्ष महिला मंगलदल, व्यापारियों, ग्राम वासियों के साथ समस्त विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नमामि गंगे कार्यक्रम के अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता के साथ सफाई कार्य किया गया। सुमाडी बाजार एवं ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु बैठक में सर्व सम्मति से ग्राम एवं बाजार सुमाडी की स्वछता बनाये रखने हेतु निम्न प्रकार से स्वच्छता समिति का गठन किया जाता है :-

1-	श्री वाचस्पति सेमवाल	-	संरक्षक
2-	श्री भगवान सिंह	-	अध्यक्ष
3-	श्रीमती शान्ति भट्ट	-	उपाध्यक्ष
4-	श्री शिशुपाल सिंह नेगी	-	कोषाध्यक्ष
5-	श्री सुदर्शन रौथाण	-	सचिव,
6-	श्री कुशलानन्द भट्ट	-	सदस्य
7-	श्री कपूरसिंह रावत	-	सदस्य
8-	श्री चिरंजी प्रसाद सेमवाल	-	सदस्य
9-	श्रीमती बीना रावत	-	सदस्य
10-	श्री मोहन सिंह चौहान	-	सदस्य
11-	श्री मुकेश कण्डारी	-	सदस्य
12-	श्री भरत सिंह जगवाण	-	सदस्य
13-	श्रीमती विजय लक्ष्मी भट्ट	-	सदस्य
14-	श्रीमती गणेशी देवी प्रधान ग्राम सभा सुमाडी-		सदस्य
15-	श्री सन्दीप चौहान	-	सदस्य
16-	श्रीमती सुलोचना देवी	-	सदस्य
17-	श्री बहादुर सिंह रावत	-	सदस्य
18-	श्रीमती सीमा बिष्ट	-	सदस्य
19-	श्रीमती अभिलाषा बिष्ट	-	सदस्य
20-	श्री विक्रम सिंह सजवाण	-	सदस्य

उपरोक्त स्वच्छता समिति द्वारा समय-समय पर स्थान सुमाडी एवं ग्राम में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। तथा इस सम्बन्ध में जिला गंगा संरक्षण समिति को भी अवगत कराया जायेगा।

(मंगेश घिल्डियाल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा संरक्षण समिति रूद्रप्रयाग।

संख्या- /33-नमामि गंगे (2018-19) दिनांक, रूद्रप्रयाग, 05, मार्च, 2019

प्रतिलिपि :- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- आयुक्त, गढवाल मण्डल पौडी।
2- कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप नमामि गंगे उत्तराखण्ड देहरादून।
3- मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
4- उप वन संरक्षक/सदस्य एवं संयोजक, जिला गंगा संरक्षण समिति रूद्रप्रयाग।
5- अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग।
6- परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग।
7- अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तिलवाडा।
8- सम्बन्धित पदाधिकारीगण/सदस्यगण।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

जनपद रूद्रप्रयाग में (04 दिवसीय) दिनांक 18 से 21, फरवरी, 2019 तक "गंगा उत्सव" कार्यक्रम आयोजन के तहत दिनांक 20.02.2019 को जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में स्थान सुमाड़ी (तिलवाड़ा) में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक एवं स्थान सुमाड़ी के नदी किनारे नमामि गंगे के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का कार्य वृत्त :-

जनपद रूद्रप्रयाग में 04 दिवसीय गंगा उत्सव के आयोजन के तहत दिनांक 20.02.2019 को स्थान सुमाड़ी (तिलवाड़) में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सुमाड़ी के समीपस्थ विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा अपने-अपने विद्यालयों से स्वच्छता रैली निकाल कर हाथों में स्वच्छता सम्बन्धी तख्तियों पर लिखे स्लोगन/चित्रण/बैनर सहित स्वच्छता के नारे लगाते हुये आयोजित स्थल तक पहुंचे।

कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंगल दल जिला स्तरीय गंगा संरक्षण समिति के सदस्यों/जनपद स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों/जनप्रतिनिधियों/व्यपार मण्डल सुमाड़ी के प्रतिनिधियों के द्वारा उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा मा0 प्रधानमंत्री, जी0 भारत सरकार के स्वच्छता मिशन के सम्बन्ध में उनके द्वारा दिये गये उद्बोधन में हम सबका कर्तव्य होगा, कि हम अपने घर से स्वच्छता बनाते हुये अपना गांव, अपना नगर, अपना शहर, अपना क्षेत्र, अपना जनपद को स्वच्छ बनायें तो स्वतः ही हमारा राष्ट्र स्वच्छता की श्रेणी में अग्रणी रहेगा, स्थान सुमाड़ी चारधाम यात्रा की आगमन में अग्रणीय स्थल है, सुमाड़ी पुल से लेकर सूर्यप्रयाग पुल तक सड़क से नीचे की ओर नदी तल तक गन्दगी केदारनाथ हाईवे से वाहन से गुजरते हुये प्रत्येक नागरिक/यात्री को दूर से ही दिखायी देता है। जोकि अशुभनीय प्रतीत होता है, विगत वर्ष भी गंगा उत्सव के तहत सुमाड़ी में स्थानीय लोगों के मध्य बैठक एवं स्वच्छता अभियान चलाते हुये सुमाड़ी की स्थिति नहीं सुधर पायी स्थानीय बाजार के व्यापारियों एवं किरायदारों द्वारा घर/दुकान कूड़ा सड़क से नीचे इधर-उधर फेंका जा रहा है, जोकि खेद का विषय है। कूड़ा निस्तारण हेतु मकान मालिक/किरायेदार/व्यापारि को दुकान वाले कूड़ादान अपने-अपने घरों के बाहर रखने होंगे तथा सफाई मित्र को गांव वालों द्वारा प्रतिमाह रू0 30.00 तथा व्यापारियों द्वारा रू 100.00 देने से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से गतिमान रहेगी। सफाई मित्र द्वारा कूड़ा एक स्थान पर संकलित किया जायेगा, तथा सिंचाई विभाग कूड़ों को उठाने हेतु बजट/व्यवस्था उपलब्ध करवायेगा। सुमाड़ी के तीन स्थानों पर जैविक अजैविक कूड़ादान बनाकर समिति की सहभागिता से कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया जायेगा। पुलिस/राजस्व विभाग द्वारा सभी किरायेदारों को संज्ञान में जाये। तथा किरायेदारों द्वारा अपने शौचालयों का प्रयोग किया जावे। नदी तल पर गन्दगी फैलाने वाले नेपाली श्रमिकों को पहचान की जाये व श्रमिकों/मकान मालिक को इस कृत्य हेतु जुर्माना लगाया जावे। सुमाड़ी बाजार को भविष्य में नगर पंचायत क्षेत्र में जोड़ा जाये जिसे की नगर की स्वच्छता सुन्दरता बनी रहें। इसी प्रकार चन्द्रापुरी बाजार, मयाली बाजार, गुप्तकाशी बाजार, के नगर पंचायत में न होने से ग्राम पंचायत में होने पर कूड़ा निस्तारण हेतु कठिनाई सामने आ रही है। सुमाड़ी ग्राम पंचायत के अन्तर्गत बैठक में स्वच्छता समिति का गठन किया गया, यह समिति समय-समय पर बैठक कर स्वच्छता में आरही कठिनाईयों को दूर करेगी, तथा स्वजल विभाग द्वारा ग्राम स्वच्छता के अन्तर्गत समिति को आवश्यक बजट उपलब्ध करवायेगा। समिति में छः सदस्य ग्रामीण क्षेत्र तथा छः सदस्य व्यापार संघ से चयनित किये गये 1- श्री महवीर सिंह, अध्यक्ष, 2- श्रीमती शांति भट्ट, 3- श्री शिशुपाल सिंह, 4- श्रीमती शांति नौटियाल, 5- श्री सुदर्शन रौथाण, 6- श्री मुकेश कण्डारी, 7- श्री वाचस्पति सेमवाल, 8- श्री भरत सिंह

(-2-)

उपाध्यक्ष, 9— श्री लक्ष्मी प्रसाद डिमरी, 10— श्रीमती विजयलक्ष्मी भट्ट, 11— श्रीमती विनिता रावत, 12— कपूर सिंह को सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है।

चारधाम यात्रा आरम्भ होने से पूर्व जिला पंचायत एवं सिंचाई विभाग की मदद से सुमाड़ी नदी तल का कूड़ा एकत्रित कर हटा दिया जायेगा तथा सुमाड़ी बाजार में 03 से 04 सी0सी0 टी0वी0 कैमरे लगाये जायेंगे, जिससे की कूड़े को फेंकने वालों पर निगरानी रखी जा सके।

व्यापार संघ के प्रतिनिधि श्री जगवाण जी द्वारा यह बताया गया कि विगत 20 वर्षों से लो0नि0वि0 द्वारा तिलवाड़ा मयाली मोटर मार्ग के सुमाड़ी स्थित नालियों में थोड़ी भी बरसात के समय पानी इकट्ठा हो जाता है, तथा सड़क पर फैल जाता है। लोक निर्माण विभाग द्वारा नालियों की मरम्मत/सफाई नहीं की गयी है।श्री जगवाण द्वारा यह भी बताया गया कि सुमाड़ी गांव के रास्ते प्रवेश द्वार तक जाने वाले दोनो रास्तो में नालियों में जल संस्थान द्वारा पाईप लाईन बिछाई गयी है, जिस कारण पानी एवं कूड़ा सड़क मार्ग पर फैल जाता है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कूड़ा निस्तारण हेतु भूमि उपलब्ध कराई जाये।

श्रीमती शांति भट्ट द्वारा गंगा सफाई अभियान पर अपने विचारों में यह कहा गया कि सुमाड़ी बाजार में जिला पंचायत एवं व्यापार संघ द्वारा एक-एक सफाई मित्र रखे गये है। लेकिन घरों की सफाई का कूड़ा आज भी सड़क के इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है। यदि प्रत्येक मकान मालिक/किरायेदार अपने घर अथवा दुकान के पास थैलों में कूड़ा इकट्ठा करें, तथा सफाई मित्र इसे एक स्थान पर एकत्रित करें। ग्राम पंचायत कूड़ा निस्तारण हेतु जैविक-अजैविक कूड़ादान बनाये, जिससे कि नगर की सफाई बनी रहे। लो0नि0वि0 की नाली से घरों का जो पानी इकट्ठा होकर बहता है, वह सीधे नदी में गिर जाता है, इसके रोकथाम हेतु रक्षेनी लॉज के आसपास एक सुख्ता पिट् बनाया जाये, तथा दूसरा डिमरी लॉज के आस-पास सुख्ता पिट् बनाया जाय। इसके लिये जिला पंचायत ग्राम पंचायत को बजट उपलब्ध करवाये। नदी तल से लगे दीवार के मध्य सुख्ता पिट् बनाये जाये।

अन्त में जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों, महानुभावों/गणमान्य/जनप्रतिनिधियो /अधिकारियों/कार्मिकों का उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(मंगेश घिल्डियाल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।

संख्या /33-3 (2017-18) दिनांक, रूद्रप्रयाग, फरवरी, 2019

प्रतिलिपि :- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— समस्त सदस्य, जिला गंगा संरक्षण समिति, रूद्रप्रयाग।
2— समस्त जनपद स्तरीय, अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
3— कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन यूनिट नमामि गंगे देहरादून, उत्तराखण्ड।
4— आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
5— सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

दिनांक 08–02–2019 को श्री मंगेश घिल्डियाल, जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में जिला कार्यालय रूद्रप्रयाग में आहूत जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक का कार्यवृत्त :–

उपस्थिति :–

1– डा0 एस0के0 झा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
2– श्री देवानन्द, उपजिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
3– श्री एम0एस0 नेगी, परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग।
4– श्री विमल प्रसाद, एल0आई0यू0, रूद्रप्रयाग।
5– श्री पूरण सिंह तोमर, पुलिस विभाग, रूद्रप्रयाग।
6– श्री प्रताप सिंह बिष्ट, अधि0अभि0 सिंचाई खण्ड रूद्रप्रयाग।
7– श्री महिपाल सिंह सिरोही, उप प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
8– श्री सुशांक सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड, श्रीनगर।
9– ज्योति सुन्दियिाल, अपर जिला सूचना अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
10– श्री एल0एस0 दानो, उप जिला शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
11– श्री संजय रावत,अधिशासी अशिकारी, नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग।
12– श्री आई0एल0 आर्य, प्रधान सहायक, जिला कार्यालय, रूद्रप्रयाग।
13– श्री चण्डीप्रसाद चौकियाल, वन दरोगा, वन विभाग, रूद्रप्रयाग।

———————0———————

सर्व प्रथम जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा बैठक में उपस्थित जिला गंगा संरक्षण समिति के समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया, तथा जनपद से गुजरने वाली नदियों/ नालों/घाटों को स्वच्छ रखने एवं स्वच्छता मिशन को जन–जन तक पहुँचाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई, व सदस्यों से सुझाव लिये गये।

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा निदेशक, परियोजना प्रबन्धन ग्रुप नमामी गंगे देहरादून उत्तराखण्ड के पत्र सं0–147/SPMG/MGRNA/I EC/ACHVITIVE दिनांक 06.02.2019 के निर्देशों के क्रम मे निर्देशित किया है, कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड, द्वारा राष्ट्रीय नदी गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति आमजनमानस को जागरूकता/संवेदीकरण किये जाने के दृष्टिगत सूचना शिक्षा एवं संचार (आई. ई.सी.) गतिविधियों के अन्तर्गत दिनांक 18.02.2019 से दिनांक 21.02.2019 तक जनपद रूद्रप्रयाग में 04 दिवसीय "गंगा उत्सव" कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। गंगा उत्सव के अंतिम समापन दिवस 21.02.2019 को मा0 मुख्यमंत्री जी व माननीय मंत्री जी पेयजल एवं स्वच्छता, उत्तराखण्ड सरकार तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमायी उपस्थिति में किया जाना है। उक्त कार्यक्रम हेतु श्री सुनील कुमार, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, श्रीनगर गढवाल एवं श्री पूरन चन्द कापडी, संचार विशेषज्ञ एस.पी.एम.जी. को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

इस संबंध मे सिंचाई विभाग, श्रीनगर गढवाल द्वारा अवगत कराया गया है, कि उक्त गंगा उत्सव कार्यक्रम दिनांक 18.02.2019 से दिनांक 21.02.2019 तक 04 दिवसीय जनपद ———

कार्यवृत्त 02 पर

रूद्रप्रयाग के विभिन्न स्थानों पर आयोजन हेतु श्री सुनील कुमार अभिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड श्रीनगर गढवाल एवं श्री पूरन चन्द थपलियाल, संचार विशेषज्ञ एस0पी0एम0जी0 को नोडल अधिकारी नामित किये जाने के फलस्वरूप तिथिवार कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध मे परियोजना प्रबन्धक स्वजल/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग /उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग से समनवय स्थापित करते हुये यथा कार्ययाही से जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग को अवगत करायेंगे।

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा निर्देश दिये गये है, कि दिनांक 18.02.2019 को परियोजना प्रबन्धक स्वजल/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग रैली कार्यक्रम का आयोजन करायेंगे। जो कि पुराने बस अड्डे से गुलाबराय तक होगी, जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी व्यवस्था अनुसार प्राइवेट विद्यालयों से भी सम्पर्क कर छात्र–छात्राओं को रैली हेतु उपलब्ध करवायेंगे, तथा पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग स्थान रूद्रप्रयाग एवं अगस्त्यमुनि मे कार्यक्रम/रैली में सुरक्षा व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करेंगे।

(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाडा/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, श्रीनगर गढवाल/संचार विशेषज्ञ, एस0पी0एम0जी0 (नोडल अधिकारी)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा निर्देश दिये गये है, कि दिनांक 19.02.2019 को अगस्त्यमुनि में 02 किमी0 मैराथान दौड़ का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी आयु वर्ग के महिला/पुरूष प्रतिभाग करेंगें। पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग मैराथान दौड की सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे तथा स्थान विजयनगर मे गंगा घाट की साफ–सफाई की जायेगी जिसमें स्थानीय व्यापार मंण्डल/युवक मंगल दल/महिला मंगल दल/जनप्रतिनिधियों/छात्र– छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाडा/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, श्रीनगर गढवाल/संचार विशेषज्ञ, एस0पी0एम0जी0 (नोडल अधिकारी)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा निर्देश दिये गये है, कि दिनांक 20.02.2019 को गंगा घाट सफाई के अन्तर्गत अगस्त्यमुनि गंगा घाट पर सफाई अभियान चलाया जायेगा जिसमे व्यापार संघ, अन्य जनप्रतिनिधि तथा विद्यालयी छात्र–छात्राओं को सम्मिलित करते हुये नदी के आस–पास के क्षेत्र मे वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया जायेगा। सफाई कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं एवं अभिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, श्रीनगर गढवाल/संचार विशेषज्ञ,एस.पी.एम.जी.

क्रमशः 03 पर

एस0पी0एम0जी0 (नोडल अधिकारी) द्वारा दस्तानों की व्यवस्था की जायेगी। इसके अतिरिक्त स्वजल द्वारा बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा।

(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाड़ा/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, श्रीनगर गढ़वाल/संचार विशेषज्ञ, एस0पी0एम0जी0 (नोडल अधिकारी)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा निर्देश दिये गये है, कि दिनांक 21.02.2019 को नदी तट से लगे 12 ग्रामों की महिला मंगल दलों को इस कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया जायेगा तथा युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, विद्यालयों के छात्र–छात्राओं एवं महिला समूहों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा मा0 मुख्यमंत्री/मा0 मंत्री द्वारा पुरस्कार वितरित किया जायेगा।

(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/तिलवाड़ा/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, श्रीनगर गढ़वाल/संचार विशेषज्ञ, एस0पी0एम0जी0 (नोडल अधिकारी)

अन्त में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों, महानुभावों/गणमान्य, जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों/कार्मिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक के समापन की घोषणा की गई।

(मंगेश घिल्डियाल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 2236 /33–3 (2017–2018) दिनांक, रूद्रप्रयाग, फरवरी, 14 ,2019.

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– समस्त सदस्य, जिला गंगा संरक्षण समिति, रूद्रप्रयाग।
2– कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप नमामि गंगे देहरादून, उत्तराखण्ड।
3– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
4– सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
5– सम्बन्धित विभाग, जनपद रूद्रप्रयाग।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

दिनांक 22–01–2019 को श्री मंगेश घिल्डियाल, जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में जिला कार्यालय रूद्रप्रयाग में आहूत जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक का कार्यवृत्त :–

उपस्थिति :–

1– श्री पी0एस0 बिष्ट,अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड रूद्रप्रयाग।
2– श्री महिपालसिंह सिरोही, उप प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग रूद्रप्रयाग।
3– श्री हरेन्द्रसिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि।
4– श्री प्रेमकुमार, परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई,(गंगा) पेयजल नि0 श्रीनगर गढवाल।
5– श्री अनुराग मैठाणी, सहा0 अभियन्ता, पेयजल निर्माण निगम, श्रीनगर गढवाल।
6– श्री राजवेन्द्रसिंह बंगारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, तिलवाडा।
7– श्री संजय रावत,अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग।
8– श्री चण्डीप्रसाद चौकियाल, वन दरोगा, वन विभाग, रूद्रप्रयाग।
9– श्री आई0एल0 आर्य, प्रधान सहायक, जिला कार्यालय, रूद्रप्रयाग।
10– श्री राजवीरसिंह भण्डारी, कनिष्ठ सहायक, सूचना विभाग।
11– श्री राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी, श्री अगस्तया संगीतालय, पर्यावरणविद, अगस्त्यमुनि।

———————————0———————————

सर्व प्रथम जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा बैठक में उपस्थित जिला गंगा संरक्षण समिति के समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया, तथा जनपद से गुजरने वाली नदियों/नालों/घाटों को स्वच्छ रखने एवं स्वच्छता मिशन को जन–जन तक पहुँचाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई, व सदस्यों से सुझाव लिये गये।

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा जनपद रूद्रप्रयाग में निर्मित 07 घाटों के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में अवगत कराया गया है, कि 05 घाट जिनका निर्माण कार्यदायी संस्था वैपकोस लि0 के द्वारा एवं 02 घाटों का निर्माण कार्य सिंचाई खण्ड, रूद्रप्रयाग द्वारा किया जा रहा है। इन घाटों का रख–रखाव सम्बन्धित नगर पालिका/नगर पंचायत/जिला पंचायत द्वारा किया जायेगा, तथा घाटों की स्वच्छता बनाये रखने हेतु सम्बन्धित नगर पालिका/नगर पंचायत/जिला पंचायत द्वारा स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों से समय–समय पर सहयोग लिया जाय।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी,रूदप्रयाग/उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत,अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत, तिलवाडा/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतीराज अधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा कोटेश्वर घाट जिसका निर्माण कार्य सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग द्वारा किया जा रहा है, एवं अन्य घाटों के सौन्दीयकरण के लिये सोलर लाईट, असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरे एवं जगह–जगह पर स्वच्छता से सम्बन्धित श्लोगन लिखे जाने के निर्देश दिये गये हैं।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी,रूदप्रयाग/उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत,अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत, तिलवाडा/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतीराज अधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग)

परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई,(गंगा) पेयजल नि0 श्रीनगर गढवाल द्वारा नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत STP प्लांटों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है, कि STP प्लांटों का अवशेष कार्य 15, फरवरी, 2019 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा अवशेष STP प्लांटों के कार्यों

(क्रमशः–2)

के शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये, तथा पुराना जज कोर्ट, रूद्रा कॉम्पलैक्स, एवं काली कमली धर्मशाला के नालों को भी STP प्लांट से जोडे जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही—मुख्य विकास अधिकारी,रूद्रप्रयाग/उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत,अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत, तिलवाडा/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतीराज अधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई,(गंगा) पेयजल नि० श्रीनगर गढवाल।)

श्री राजेन्द्रप्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद द्वारा अपने विचार/सुझाव प्रस्तुत किये गये, उनके द्वारा बताया गया कि जिला संरक्षण समिति को नदियों के किनारे वृक्षों का रोपण हो, जिन वृक्षों में पानी संचय करने की क्षमता अधिक हो। श्री गोस्वामी, द्वारा बताया गया कि समय-समय नदियों के किनारे साफ-सफाई हेतु प्रचार प्रसार कर जनजागृत कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिये। इस सम्बन्ध में सभी विभागों की सकीय सहभागिता की नितान्त आवश्यकता होगी। इनके द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि नव निर्मित भवनों/आवासों के आगन में पत्थरों की पठालों का प्रयोग किया जाय एवं पत्थरों से सोख पिट भी बनाये जांय,ताकि जल का संचय किया जा सके। जंगलों में पत्थरों से निर्मित जलसंग्रहण टैंकों का निर्माण किया जाय।
तथा वृक्षारोपण हेतु अगस्त्यमुनि के सामने वाला क्षेत्र चाका (वर्ष 2013 में आपदा से भूस्खलित क्षेत्र) में राम बांस, बांस, आंवला आदि पौधों का रोपण कर भूस्खलन की रोकथाम की जा सकती है। श्री गोस्वामी जी द्वारा यह भी सुझाव दिया गया, कि आगामी माह-फरवरी में गंगा संरक्षण पिकनिक कार्यक्रम बनाया जाय, जिसमें विद्यालयो के छात्र-छात्राओं, क्षेत्रीय जनपतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, महिला मंगल दलों/युवक मंगल दलों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को जंगल भ्रमण करवाया जाय, जिसका चयन वन विभाग द्वारा किया जाय। इनके द्वारा गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलता हेतु सुझाव दिया गया, कि गंगा के मूल श्रोत के समीपस्त ग्रामों से जैसे त्रियुगीनारायण आदि ग्रामों से क्षेत्रीय जनता/विद्यालय के विद्यार्थियों/स्वंय सेवी संस्थाओं आदि के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम प्रारम्भ करते हुये नीचे क्षेत्रों की ओर किया जाय।

(कार्यवाही—मुख्य विकास अधिकारी,रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षाधिकारी, रूद्रप्रयाग/समस्त उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग/समस्त खण्ड विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत,अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत, तिलवाडा/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतीराज अधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक,निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई,(गंगा)पेयजल नि० श्रीनगर गढवाल)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा निर्देश दिये गये हैं, कि सम्बन्धित क्षेत्र में वन विभाग के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाय जिसमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, क्षेत्रीय जनपतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, महिला मंगल दलों/युवक मंगल दलों के माध्यम से वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाय। गंगा संरक्षण पिकनिक प्वांइट के रूप में पपडासू के पास विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ ज्ञान वर्धक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। वन विभाग, रूद्रप्रयाग को यह भी निर्देश दिये गये हैं, कि अलकनन्दा नदी एवं मन्दाकिनी नदी के दोनों तटों पर वृक्षारोपण हेतु स्थान चयनित कर आगामी वर्षाकाल में पौध रोपण कर छोटे-छोटे पैचों के रूप में विकसित किया जाय।

(क्रमशः—3)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग/नगर पंचायतों को निर्देश दिये गये, कि सम्बन्धित घाटों पर छायादार वृक्षों एवं फूलों का रोपण किया जाय, तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पर्यावरण मित्रों से आवश्यक सहयोग लेकर सौन्दर्यीकरण किया जाय। घाटों पर गंगा आरती के सम्बन्ध में ऋषिकेश/हरिद्वार की तर्ज पर गंगा आरती का भव्य आयोजन किया जाय, इसके लिये स्थानीय जनप्रतिनिधियों/सम्भ्रान्त व्यक्तियों/आयोजकों/स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ एक बैठक का आयोजन कर सर्वसम्मति से प्रति दिन भव्य रूप में गंगा आरती प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय/विचार विमर्श किया जाय।

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा वन विभाग रूद्रप्रयाग को अलकनन्दा नदी किनारे स्थान कोठगी–भटवाडी से निरवाली तक वृक्षा रोपण किये जाने तथा नर्सरी हेतु स्थल चिन्हित कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किये जाने तथा जिला गंगा संरक्षण समिति की आगामी बैठक स्थान सं. प्रयाग में आयोजित किये जाने हेतु वन विभाग रूद्रप्रयाग को निर्देश दिये गये हैं।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी,रूदप्रयाग/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/मुख्य शिक्षाधिकारी, रूद्रप्रयाग/समस्त उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग/समस्त खण्ड विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत,अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत, तिलवाडा/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतीराज अधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक,निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई,(गंगा)पेयजल नि0 श्रीनगर गढवाल)

अन्त में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों, महानुभावों/गणमान्य, जनप्रति निधियों/अधिकारियों/कार्मिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक के समापन की घोषणा की गई।

(गंगेश धिल्डियाल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 2000 /33–3 (2017–2018) दिनांक, रूद्रप्रयाग, जनवरी, 30, 2019

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– समस्त सदस्य, जिला गंगा संरक्षण समिति, रूद्रप्रयाग।
2– कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप नमामि गंगे देहरादून, उत्तराखण्ड।
3– आयुक्त, गढवाल मण्डल, पौडी।
4– सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
5– सम्बन्धित विभाग, जनपद रूद्रप्रयाग।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

दिनांक 13–12–2018 को श्री मंगेश घिल्डियाल, जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में जिला कार्यालय रूद्रप्रयाग में आहूत जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक का कार्यवृत्त :–

उपस्थिति :–

1– श्री देवानन्द उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
2– श्री पी0एस0 बिष्ट,अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड रूद्रप्रयाग।
3– श्री एम0एस0 नेगी, परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग।
4– श्री वाई0एस0 बर्त्वाल, सहायक अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, केदारनाथ (अगस्त्यमुनि)
5– श्री राजेन्द्रप्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद।
6– श्री राजवेन्द्रसिंह बंगारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तिलवाडा।
7– श्री जी0पी0 रिंह, सहायक अभियन्ता, लो0नि0वि0 रूद्रप्रयाग।
8– श्री राजेन्द्र गौड, इंजिनियर, एस0टी0पी0 रूद्रप्रयाग।
9– श्री अनुराग मैठाणी, सहा अभियन्ता, पेयजल निर्माण निगम, श्रीनगर गढवाल।
10– श्री चण्डीप्रसाद घौकियाल, वन दरोगा, वन विभाग, रूद्रप्रयाग।
11– श्री आई0एल0 आर्य, प्रधान सहायक, जिला कार्यालय, रूद्रप्रयाग।
12– श्री राजेन्द्रसिंह रावत, क0लि0, नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग।

———————————0———————————

सर्व प्रथम जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा बैठक में उपस्थित जिला गंगा संरक्षण समिति के समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया, तथा जनपद से गुजरने वाली नदियों को स्वच्छ रखने एवं स्वच्छता के सम्बन्ध में चर्चा की गई, व सदस्यों से सुझाव लिये गये।

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा सिंचाई विभाग को निर्देश दिये गये हैं, कि उन गधेरों/नालों का चयन किया जाय, जिनमें वर्षात में पानी निकलता है, तथा गर्मियों के आते–आते धीरे–धीरे सूख जाते हैं। मणिगुह–भटवाडी के निकटस्त ग्राम खाल्यूं में पानी की कमी के दृष्टिगत रखते हुये प्रत्येक घरों में वर्षाती जलसंरक्षण टैंक बनाये जाने एवं प्राकृतिक जल श्रोतों को संरक्षित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड रूद्रप्रयाग द्वारा अवगत कराया गया, कि तल्ला नागपुर पट्टी के क्षेत्र कुणजण, क्वीली, बज्यूण, लोदला, जाखणी, गडमिल, गंधारी, सन, कमेडा, चामक, स्यूंड आदि स्थानों से निकलने वाले छोटे–छोटे गधेरों/नालों का नमामि गंगे योजना के अन्तर्गत संरक्षण किया जा सकता है, जिसमें चाल–खाल/चैक डैम/कन्टूर नालियॉं तथा वृक्षा रोपण आदि कार्यकर जलसंचय किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि भरदार पट्टी के क्वीली भरदार गधेरे को भी संरक्षित किया जा सकता है।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक,रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग)

श्री राजेन्द्रप्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद द्वारा अपने विचार/सुझाव प्रस्तुत किये गये, उनके द्वारा बताया गया कि जिला संरक्षण समिति को नदियों के किनारे वृक्षों का रोपण हो, जिन वृक्षों में पानी संचय करने की क्षमता अधिक हो। श्री गोस्वामी, द्वारा बताया गया कि समय–समय नदियों के किनारे साफ–सफाई हेतु प्रचार प्रसार कर जनजागृत कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिये। इस सम्बन्ध में सभी विभागों की सक्रीय सहभागिता की नितान्त आवश्यकता होगी।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा वन विभाग रूद्रप्रयाग को नदी किनारे स्थान कोठगी–भटवाडी से निरवाली तक वृक्षा रोपण किये जाने तथा नर्सरी हेतु स्थल चिन्हित कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु घाटों पर गंगा स्वच्छता के श्लोगन सहित

(क्रमश–2)

बोर्ड स्थापित किये जाने के लिये सिंचाई विभाग, वन विभाग, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अगस्त्यमुनि एवं नगर पंचायत तिलवाडा को निर्देश दिये गये।

वन विभाग रूद्रप्रयाग को निर्देश दिये गये कि वृक्षारोपण हेतु अगस्त्यमुनि के सामने वाला क्षेत्र चाका (वर्ष 2013 में आपदा से भूस्खलित क्षेत्र) में सिंचाई विभाग द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत गड्ढे खुदान किये जायेगें तथा वन विभाग द्वारा आंवला आदि शीत कालीन पौध आपूर्ति की जायेगी। आगामी तिथि पर स्वच्छता अभियान के तहत क्षेत्र को आदर्श वृक्षा रोपण के रूप में विकसित किया जायेगा।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी,रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक,रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग रूद्रप्रयाग/केदारनाथ (अगस्त्यमुनि)/अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 रूद्रप्रयाग अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान/पेयजल निगम, रूद्रप्रयाग/उप जिलाधिकारी, बसुकेदार, जखोली/रूद्रप्रयाग अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्,रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत, तिलवाडा/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतीराज अधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग)

श्री राजेन्द्रप्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद द्वारा यह भी सुझाव दिये कि महिला मंगल दलों/युवक मंगल दलों के माध्यम से श्रमदान के तहत ग्राम वनों में वृक्षारोपण किये जाय, जिसमें मेण्डुला, रीठा, आंवला, सहतूत, सिंयाली की पौधों को रोप कर ग्रामीणों की आजीविका को बढाया जा सकता है। श्री गोस्वामी जी, द्वारा नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाये जाने हेतु समय–समय पर स्वच्छता अभियान चलाये जाने पर बल दिया, कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नदी के किनारे प्लास्टिक कचरा एवं कांच आदि गिराया जाता है।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारी–नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत तिलवाडा/नगर पंचायत ऊखीमठ को चिन्हित घाटों के आस–पास सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जांय, जिससे कि इन क्षेत्रों में कूडा, कचरा, फेंकने वालों की पहिचान हो सके तथा उन्हे दण्डित किया जा सके। समस्त उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग एवं समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत जनपद रूद्रप्रयाग को निर्देशित किया गया, कि मुख्य बाजारों में प्रत्येक दुकानदार द्वारा अनिवार्य रूप से अच्छे कूडादान रखा जाये, तथा पौलीथीन के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध हेतु समय–समय पर छापे मारे जायं एवं दोषी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाय। समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत रूद्रप्रयाग को यह भी निर्देश दिये गये हैं, कि वह अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत दुकानदारों की सूची उपलब्ध कराई जाय, जिनके द्वारा अच्छी डेस्टवीन रखी गई है, तथा जिनके द्वारा डेस्टवीन नहीं रखी गई।

(कार्यवाही–समस्त उप जिलाधिकारी,रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक,स्वजल रूद्रप्रयाग/ अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि/तिलवाडा/ ऊखीमठ/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रूद्रप्रयाग)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक, 13–12–2018 को राष्ट्रीय राजमार्ग 109 रूद्रप्रयाग से गौरीकुण्ड तक निरीक्षण के दौरान पाया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार्यदायी संस्थाओं के श्रमिकों के द्वारा नदी के किनारे अपने आवासीय टेन्ट लगाये गये हैं, जिनके द्वारा नदी के किनारे खुले में शौच किया जा रहा है, क्यों कि कार्यदायी संस्था द्वारा इनके लिये अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था नहीं की गई है। इस कम में कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है, कि वह मा0 एन0जी0टी0 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में नदीतल

(क्रमशः–3)

से 200 मी0 की दूरी पर श्रमिकों के अस्थाई आवासीय एट मय शौचालय बनाये जांय। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी कार्यदायी संस्था के विरूद्व धारा 133 सी0आर0पी0सी0 के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही की जाय।

अतः उक्त के क्रम में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, समस्त अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त वन क्षेत्राधिकारी, वन प्रभाग रूद्रप्रयाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 109 के अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है, कि समय-समय पर नदी के किनारे कार्यदायी संस्थाओं के साथ निरीक्षण कर नदी की स्वच्छता बनाये रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग/समस्त उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग/जिला विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग/अधिशासी अभियन्ता,राष्ट्रीय राजमार्ग,रूद्रप्रयाग /अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, रूद्रप्रयाग/केदारनाथ(अगस्त्यमुनि)/समस्त अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका/नगर पंचायत, रूद्रप्रयाग/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतराज अधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा जनपद अन्तर्गत नदियों को स्वच्छ रखे जाने हेतु प्रत्येक स्तर से यथोचित कार्यवाही किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये। गंगा सुरक्षा/स्वच्छता के सम्बन्ध में जनपद के सभी अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग एवं नगर पंचायतों को तथा ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु मुख्य विकास अधिकारी,रूद्रप्रयाग/उप वन संरक्षक,रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक स्वजल रूद्रप्रयाग/जिला पंचायतराज अधिकारी,रूद्रप्रयाग/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग को निर्देशित किया गया, कि आगामी गंगा संरक्षण समिति की बैठक/स्वच्छता कार्यक्रम हेतु स्थान चन्द्रापुरी में नदी तल के साथ-साथ चन्द्रापुरी गधेरे में व्यापक अभियान चलाया जायेगा, गंगा संरक्षण समिति द्वारा आगामी बैठक पर स्थान कोटेश्वर,धोलतीर में घाटों के निर्माण कार्यों का तथा एक एस0टी0पी0 का भी निरीक्षण किया जायेगा।

अन्त में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों, महानुभावों/गणमान्य, जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों/कार्मिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक के समापन की घोषणा की गई।

(मंगेश घिल्डियाल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 1303 /33-3 (2017-2018) दिनांक, रूद्रप्रयाग, 15 फरवरी ,2018

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– समस्त सदस्य, जिला गंगा संरक्षण समिति, रूद्रप्रयाग।
2– कार्यकन निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप नमामि गंगे देहरादून, उत्तराखण्ड।
3– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
4– सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
5– सम्बन्धित विभाग, जनपद रूद्रप्रयाग।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

दिनांक 26–11–2018 को श्री मंगेश घिल्डियाल, जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में पुराने विकास भवन सभागार रूद्रप्रयाग में आहूत जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक का कार्यवृत्त :–

उपस्थिति :–

1– श्री मयंक शेखर झा, उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग।
2– श्री एन0एस0 रावत, मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
3– श्री इन्द्र बोस, ई0ई0 लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग।
4– श्री संजयसिंह ई0ई0 जल संस्थान, रूद्रप्रयाग।
5– श्री नवल कुमार, ई0ई0 पेयजल निगम, रूद्रप्रयाग।
6– श्री विनोद कुमार, सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग।
7– श्री संजयसिंह रावत, अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग।
8– श्री हरेन्द्रसिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि।
9– श्री राजेन्द्रप्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद (नामित सदस्य)
10– श्री पूरनसिंह नेगी, उद्योग संघ प्रतिनिधि (नामित सदस्य)
11– श्री मदमहेश्वर प्रसाद शुक्ला, जिला सूचना विभाग, रूद्रप्रयाग।
12– श्री चण्डीप्रसाद चौकियाल, वन दरोगा, वन प्रभाग रूद्रप्रयाग।

सर्व प्रथम जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग द्वारा बैठक में उपस्थित जिला गंगा संरक्षण समिति के समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया, तथा जनपद से गुजरने वाली नदियों को स्वच्छ रखने एवं स्वच्छता के सम्बन्ध में चर्चा की गई, व सदस्यों से सुझाव लिये गये।

श्री राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद द्वारा अपने विचार/सुझाव प्रस्तुत किये गये, उनके द्वारा बताया गया कि जिला संरक्षण समिति को नदियों के किनारे वृक्षों का रोपण हो, जिनकी पानी संचय करने की क्षमता अधिक हो। श्री गोस्वामी, द्वारा बताया गया कि समय–समय नदियों के किनारे साफ–सफाई हेतु प्रचार प्रसार कर जनजागृत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, उन को व्यापक रूप से प्रचार प्रसार के माध्यम से जन–जन तक पहुँचाया जाय। इसके अतिरिक्त श्री गोस्वामी, द्वारा यह भी अवगत कराया गया है, कि नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद् के अन्तर्गत नाली निर्माण का कार्य गुणवता के आधार पर किया जाय। श्री गोस्वामी जी के द्वारा अवगत कराया गया कि जंगलों में चाल–खाल, कंटूर नालियों का निर्माण किया जाय, जो कि 2 से 3 मी0 की दूरी पर बनाये जायं एवं जाल खालों में एकत्रित जल से क्षेत्र में नमी बनी रहेगी, जिससे वनाग्नि की घटनाओं में कमी आयेगी। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया है,कि एक मी0 गहरी नालियों का भी निर्माण किया जाय जिससे जल संचय हो पाये। चाल–खाल एवं नालियों के किनारे बांस पौध एवं स्थानीय सीवाली नामक पौध की कलमें लगाई जाय।

श्री गोस्वामी द्वारा अवगत कराया गया है, कि श्री केदारनाथ धाम की पवित्रता एवं स्वच्छता के दृष्टिगत रखते हुये हैली सेवाओं, पर्वतारोहण, बुग्यालों में आवागमन पर प्रदूषण की रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ समय–समय पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाय। इनके द्वारा बताया गया कि गंगा की स्वच्छता को बनाये रखने हेतु नदियों के किनारे मछलियों के संरक्षण हेतु अन्याहरण बनाये जाय।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग को नदी किनारे स्थान भटवाडी से निरवाली तक नदी के किनारे–किनारे शीत कालीन वृक्षा रोपण एवं सौडी के नीचे नदी किनारे वृक्षा रोपण किये जाने तथा स्थल चिन्हित कर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत तिलवाडा/नगर पंचायत ऊखीमठ को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु घाटों पर गंगा स्वच्छता के श्लोगन सहित बोर्ड स्थापित किये जाने तथा घाटों पर जाली लगाये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अगस्त्यमुनि एवं नगर पंचायत तिलवाडा को ट्रैचिंग ग्राउन्ड के लिये भूमि चयन/हस्तान्तरण की कार्यवाही हेतु यथा शीघ्र पत्रावली तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालयों में एन0सी0सी0 के विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों को लेकर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये एवं बाजारों में कूडा निस्तारण हेतु प्रथक–प्रथक फैन्सी डेस्टबीन जोडों के रूप में लगवाये जांय तथा चन्द्रपुरी आदि मुख्य बाजारों में व्यापक रूप से सफाई अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जायं।

(क्रमशः–2 पर)

जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा जिला गंगा संरक्षण समिति की आगामी बैठक हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत राजअधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, जनपद रूद्रप्रयाग को भी उपस्थित हेतु पत्रालेख निर्गत किये जांय।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा जिला गंगा संरक्षण समिति के सदस्यों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक प्रत्येक माह में पाक्षिक रूप से अनिवार्यतः आयोजित की जाय।

जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग द्वारा घाटों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस सम्बन्ध में सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया है, कि कोटेश्वर घाट में 60 प्रतिशत कार्य, घोलतिर घाट में 40 प्रतिशत की प्रगति बताई गई है, तथा माह दिसम्बर, 2018 तक कार्य पूर्ण किये जाने को कहा गया है। यह भी अवगत कराया गया है, कि एस0टी0पी0 के अन्तर्गत 03 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, तथा 03 में 30 प्रतिशत कार्य प्रगति में बताया गया है।

इस सम्बन्ध में अपूर्ण कार्यों की धीमी गति पर जिलाधिकारी द्वारा असन्तोष व्यक्त किया गया है, तथा उपरोक्त अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

(कार्यवाही–मुख्य विकास अधिकारी,रूदप्रयाग/उप वन संरक्षक,रूद्रप्रयाग/समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद,रूद्रप्रयाग/नगर पंचायत,अगस्त्यमुनि/नगर पंचायत, तिलवाडा/नगर पंचायत ऊखीमठ/ अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग/पेयजल निगम/जल संस्थान/लो0नि0वि0 रूद्रप्रयाग/अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग/जिला पंचायत राजअधिकारी, रूद्रप्रयाग/परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग)

अन्त में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों, महानुभावों/गणमान्य,जनप्रतिनिधियों / अधिकारियों/कार्मिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक के समापन की घोषणा की गई।

(नगेश धिल्डियाल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।

संख्या– ९५० /33–3 (2017–2018) दिनांक, रूद्रप्रयाग,नवम्बर,26,2018

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– समस्त सदस्य, जिला गंगा संरक्षण समिति, रूद्रप्रयाग।
2– कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप नमामि गंगे देहरादून, उत्तराखण्ड।
3– आयुक्त, गढवाल मण्डल, पौडी।
4– सचिव, पेयजल, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला गंगा संरक्षण समिति,
रूद्रप्रयाग।

दिनांक 19–09–2018 को श्री नगेश बिष्ट्वाल, जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में जिला कार्यालय रूद्रप्रयाग में आहूत जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक का कार्यवृत्त :–

उपस्थिति :–

1– श्री एएस0 गुन्जाल, जिला विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
2– श्री एम0एस0 नेगी, परियोजना प्रबन्धक, स्वजल रूद्रप्रयाग ।
3– श्री महिपाल सिंह सिरोही, उप प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
4– श्री पी0एस0 बिष्ट,अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड रूद्रप्रयाग।
5– श्री संजयसिंह रावत, अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग।
6– श्री हरेन्द्रसिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि।
7– श्री जगतसिंह चौधरी,(जंगली) पर्यावरणविद।
8– श्री राजेन्द्रप्रसाद गोस्वामी, पर्यावरणविद ।
9– श्री पूरनसिंह नेगी, उद्योग संघ प्रतिनिधि।
10– ज्योति सुन्दरियाल, जिला सहायक, सूचना अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
